ट्रैक्टर ने बाइक सवार दंपती को कुचला, महिला की मौत, पति गंभीर

परिजनों के हंगामे के बाद पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के लाइनपार-पटहट मार्ग पर बुधवार को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार दंपती को कुचल दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मुकदमा दर्ज करने एवं चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस के ठोस काररवाई के आश्वासन के बाद ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

मध्य प्रदेश के रीवा जनपद (थाना जनेह) अंतर्गत वैधगवा गांव निवासी रामसुचित यादव (३०) अपनी पत्नी राधा देवी (२८) को इलाज कराने के लिए बाइक से शंकरगढ़ आ रहे थे। वे जैसे ही पटहट रोड पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दंपती सड़क पर गिर पड़े और ट्रैक्टर का पहिया राधा देवी के ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं, रामसुचित गंभीर रूप से घायल हो गये।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रीतम कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक शिवकुमार यादव एवं शिवम नामदेव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल दोनों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने राधा देवी को मृत घोषित कर दिया और घायल पति का उपचार शुरू किया। अस्पताल में शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने के दौरान परिजनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजन आरोपी ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी और प्राथमिकी दर्ज करने की मांग पर अड़ गये। करीब चार घंटे तक चले मान-मनौव्वल और पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर ट्रैक्टर को कब्जे में लेने की कारवाई के बाद परिजन शांत हुए। मृतका अपने पीछे दो मासूम बेटियां और एक बेटा छोड़ गयी है। महिला की आकस्मिक मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने क्षेत्र में अनियंत्रित गति से बालू, गिट्टी, ढोका और ईंट ढोने वाले डंपरों एवं ट्रैक्टरोंके खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चला कर कारखाई करनेकी मांगकी है।



महिला की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन।

तेज रफ्तार बुलेट की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार

सहसों (प्रयागराज)। थरवई थाना क्षेत्र के चंदरपुर उर्फ बसमहुआ गांव निवासी रत्नेश शुक्ला सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज रिफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, रत्नेश शुक्ला सुबह करीब ८ बजे विश्वनाथ शुक्ला को सहसों गोल चौराहे पर छोड़ने गये थे। वहां से वापस घर लौटते समय चंदरपुर उर्फ बसमहुआ प्रवेश द्वार के सामने तेज रफ्तार से आ रही एक अनियंत्रित बुलेट मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रत्नेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गये। हादसे के बाद चालक बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर जुटे ग्रामीणों एवं राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद शहर के उच्च चिकित्सा केंद्र रिफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, रत्नेश शुक्ला अपने परिवार के मुख्य कमाऊ सदस्य हैं और सीमित आय में निजी काम कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। गंभीर चोट के चलते यदि वे लंबे समय तक काम करने में असमर्थ रहे, तो परिवार के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो जायेगा। स्थानीय लोगों ने पुलिस से फरार बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कारखाई करने की मांग की है।

गोझवार में आंवले की अच्छी फसल, किसानों के चेहरे खिले

लालापुर (प्रयागराज)। क्षेत्र के गोझवार गांव में आंवले की फसल में अच्छी फलत होने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। बागों में पेड़ों पर आंवले के अच्छे फल दिखायी दे रहे हैं। इससे किसानों को इस बार बेहतर पैदावार और अच्छी आमदनी की उम्मीद जगी है। गांव के किसान नवाब सिंह और मुनि सिंह के आंवले के बागों में अच्छी फलत देखने को मिल रही है। किसानों का कहना है कि यदि बाजार में उपज का उचित भाव मिला तो उन्हें बेहतर मुनाफा होगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। औषधीय गुणों से भरपूर आंवले का उपयोग अचार, मुरब्बा, च्यवनप्राश सहित विभिन्न आयुर्वेदिक उत्पादों को बनाने में किया जाता है। बाजार में इसकी मांग बनी रहने से बागवानों को अच्छी कमाई की उम्मीद है। फसल की बेहतर स्थिति देखकर क्षेत्र के किसानों में उत्साह है।

करवा चौथ के लिए बाजारों में बढ़ी रौनक, खरीदारी को उमड़ीं महिलाएं

साड़ी, शृंगार और पूजन सामग्री की दुकानों पर बढ़ी चहल-पहल

बरगढ़ (चित्रकूट)। करवा चौथ पर्व नजदीक आते ही बरगढ़ के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। सुहागिन महिलाएं पर्व की तैयारियों में जुट गई हैं। कपड़े, शृंगार और पूजन सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ देखने को मिल रही है। त्योहार को लेकर दुकानदारों को भी कारोबार बढ़ने की उम्मीद है।

करवा चौथ पर महिलाएं पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिए व्रत रखती हैं। पर्व पर नए परिधान पहनने और सोलह शृंगार करने की परंपरा के चलते साड़ियों, सूट और लहंगों की मांग बढ़ गई है। बाजार में जयपुरी, बनारसी, चंदेरी और फैंसी साड़ियों के साथ विभिन्न डिजाइनों के परिधान महिलाओं को आकर्षित कर रहे हैं। महिलाएं अपनी पसंद और बजट के अनुसार खरीदारी कर रही हैं।

वहीं चूड़ी, बिंदी, सिंदूर, काजल, मेहंदी, लिपस्टिक, बिछिया और लाल चुनरी की दुकानों पर भी चहल-पहल बढ़ गई है। पूजन सामग्री की दुकानों पर मिट्टी के करवे, छलनी, पूजा की थाली, दीपक, रोली, चावल और धूप-बत्ती की खरीदारी हो रही है। इसके अलावा फल, मिठाई और सूखे मेवों की दुकानों पर भी ग्राहक पहुंच रहे हैं। महिलाएं पर्व से जुड़ी जरूरी वस्तुओं की खरीदारी कर व्रत की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हैं।

कुम्हारों के चाक ने पकड़ी रफ्तार मिट्टी के बर्तनों की बढ़ी मांग

दीये, सनाहकी और तंदूर तैयार करने में जुटे कारीगर, मेहनत के बावजूद मुनाफा कम



मऊआइमा (प्रयागराज)। दीपावली नजदीक आते ही क्षेत्र के कुम्हारों के चाक तेजी से घूमने लगे हैं। मिट्टी के दीयों के साथ मुस्लिम समाज में शादी-विवाह के आयोजनों में इस्तेमाल होने वाले सनाहकी, तंदूर और अन्य बर्तनों की मांग बढ़ गयी है। इससे पुश्तैनी कारोबार से जुड़े कारीगरों को रोजगार की उम्मीद जगी है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के सिंसई गांव निवासी ६५ वर्षीय भोलानाथ प्रजापति बताते हैं कि मिट्टी के बर्तन बनाना उनका पुश्तैनी व्यवसाय है। जब तक शरीर में ताकत है, इस कला को जीवित रखेंगे। सरपताही, रमना, मऊदोस्तपुर, मानी, मटियारी और छीतेमऊ समेत कई गांवों में कुम्हार परिवार महीनों पहले से तैयारी में जुटे हैं। कारीगरों के मुताबिक, मिट्टी के दीये ५० से १०० रुपये सैकड़ा, कुल्हड़ २०० से ५०० रुपये सैकड़ा और तंदूर ८०० से १००० रुपये तक में बिक रहा है। सनाहकी ४०० रुपये सैकड़ा और तश्तरी २०० रुपये सैकड़ा की दर से तैयार की जा रही है। हालांकि, मिट्टी लाने से लेकर बर्तन बनाने और पकाने तक में काफी मेहनत लगती है, लेकिन लागत के मुकाबले मुनाफा कम मिलता है।

कारीगरों का कहना है कि बिजली की झालरों तथा प्लास्टिक और थर्माकोल के बर्तनों के बढ़ते चलन से कारोबार प्रभावित हुआ है। वहीं, नयी पीढ़ी की इस पारंपरिक कला में घटती रुचि भी चिंता का विषय है। कुम्हार समाज ने मिट्टी के बर्तनों के कारोबार को प्रोत्साहन देने की जरूरत बतायी है।

डीसीपी ने मेजा कोतवाली का किया निरीक्षण, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश



मेजारोड (प्रयागराज)। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बुधवार को मेजा कोतवाली का निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था, अभिलेखों और थाना परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने और अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने थाना परिसर, बैरक, मालखाना, हवालात और भोजनालय का जायजा लिया। इसके बाद सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क और साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। उन्होंने आनलाइन एफआईआर, शिकायतों के निस्तारण और अपराध रजिस्टरों के रखरखाव की समीक्षा की। साथ ही गुंडा रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर और बीट सूचना रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की जांच की। डीसीपी ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि थाने पहुंचने वाले फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित निस्तारण किया जाए। पीड़ितों के साथ अच्छा व्यवहार कर आमजन का पुलिस पर विश्वास बनाये रखा जाए। उन्होंने चौकी प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में पैदल गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कारवाई करने के निर्देश दिये। सहायक पुलिस आयुक्त मेजा ब्रजेश पाठक ने भी अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडेय सहित सभी चौकी प्रभारी और उपनिरीक्षक मौजूद रहे। डीसीपी ने पुलिसकर्मियों को अनुशासन बनाये रखते हुए जिम्मेदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करने की हिदायत दी।

पर्यावरण संरक्षण और ई-वेस्ट रीसाइक्लिंग का दिया संदेश

ई-कचरा प्रबंधन पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित बच्चों को किया जागरूक

भारतगंज (प्रयागराज)। ई-कचरा प्रबंधन 'विशेष अभियान ६.०' के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय भारतगंज द्वितीय में क्विज प्रतियोगिता और विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को इलेक्ट्रानिक कचरे (ई-वेस्ट) के सुरक्षित निस्तारण, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) के प्रति सजग बनाकर पर्यावरण संरक्षण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। आयोजन के दौरान प्रधानाध्यापक निसार अहमद ने बच्चों को ई-कचरे से होने वाले दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुराने मोबाइल, कंप्यूटर, बैटरी एवं अन्य अनुपयोगी इलेक्ट्रानिक उपकरणों में लेड, मरकरी (पारा) और कैडमियम जैसे घातक विषैले तत्व होते हैं। इन्हें सामान्य कूड़े-कचरेके साथ फेंकनेसे मृदा, जल और वायु प्रदूषण होता है, जसिसे मानव स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। प्रधानाध्यापक ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि अनुपयोगी इलेक्ट्रानिक सामान को इधर-उधर फेंकने के बजाय हमेशा अधिकृत रीसाइक्लिंग केंद्रों या तय कलेक्शन सेंटरों पर ही जमा कराएं। इसके साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर दिनेश कुमार, सुधा देवी, शीला देवी, रंजना, सुशीला सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

नैनी में तीन को लगेगा रोजगार मेला ३००० से अधिक पदों पर भर्ती

नैनी (प्रयागराज)। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय प्रयागराज और सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज, चकदाऊद नगर, नैनी के संयुक्त तत्वावधान में तीन नवंबर को एक दिवसीय रोजगार महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। मेला सुबह १० बजे से कालेज परिसर में लगेगा।

सहायक निदेशक सेवायोजन राजीव कुमार यादव ने बताया कि रोजगार महोत्सव में निजी क्षेत्र की १८ प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। इनके माध्यम से ३००० से अधिक पदों पर सीधी भर्ती की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों को १०,००० से ३०,००० रुपये तक मासिक वेतन दिया जायेगा। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, पालिटेक्निक, बीबीए और बीटेक उत्तीर्ण १८ से ४० वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। मेले में शामिल होने के लिए शैक्षणिक प्रमाणपत्रों, अंकपत्रों और जाति प्रमाणपत्र की छायाप्रति साथ लानी होगी। भर्ती संबंधी विस्तृत जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है। मेले में शामिल होने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

आंधी-बारिश और वज्रपात को लेकर नगर पंचायत मऊआइमा ने जारी किया अलर्ट

मऊआइमा (प्रयागराज)। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मद्देनजर नगर पंचायत मऊआइमा ने मंगलवार देर शाम एडवाइजरी जारी कर नगरवासियों एवं आसपास के ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार ३१ अक्टूबर तक प्रयागराज और आसपास के अंचलों में तेज हवा, आंधी-तूफान, भारी बारिश और आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने की प्रबल आशंका है।

नगर पंचायत कार्यालय द्वारा जारी निर्देश में नागरिकों को खराब मौसम के दौरान टिनशेड, विज्ञापन होर्डिंग, जर्जर मकानों, ऊंचे पेड़ों और बिजली के खंभों से दूरी बनाये रखने की सलाह दी गयी है। आकाशीय बिजली चमकने के दौरान खुले मैदानों में न जाने और सुरक्षित पक्के मकानों में शरण लेने का आग्रह किया गया है। इधर, चेतावनी के क्रम में बुधवार को क्षेत्र में सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और दोपहर बाद ठंडी हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई, जिससे मौसम में ठंडक बढ़ गयी है। प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और सावधानी बरतने की अपील दोहराई है।

नर्सिंग कालेजमें फ्रेशर पार्टी एवं विदाई समारोह आयोजित, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



बरौत (प्रयागराज)। हंडिया तहसील क्षेत्र के बरौत स्थित डा. महेंद्र कुमार छोटे लाल बिंद कालेज आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में बुधवार को छात्र-छात्राओं के सम्मान एवं विदायी समारोहका आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतकर मौजूद लोगों की खूब तालियां बटोरीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डा. महेंद्र कुमार बिंद, प्रधानाचार्य आदित्येंद्र शर्मा, प्रदीप शर्मा और योगेश शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह का उद्देश्य नए विद्यार्थियों का स्वागत करने के साथ वरिष्ठ विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदायी देना रहा।

निदेशक डा. महेंद्र कुमार बिंद ने कहा कि फ्रेशर पार्टी नये विद्यार्थियों को संस्थान के वातावरण से परिचित कराने और वरिष्ठ छात्रों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने विदा हो रहे विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और संस्थान का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नए विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ अपनी शैक्षणिक यात्रा शुरू करने का संदेश दिया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने नृत्य, संगीत और नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। रैंप वाक और टैलेंट राउंड विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य आदित्येंद्र शर्मा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

संत विज्ञान देव जी महाराज के जन्मोत्सव पर ३२ लोगों ने किया रक्तदान

महर्षि सदाफल देव आश्रम में लगा शिविर रक्तदाताओं को किया गया सम्मानित



झूंसी (प्रयागराज)। संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज के ४७वें जन्मोत्सव के अवसर पर छतनाग रोड स्थित महर्षि सदाफल देव आश्रम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ३२ लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद का संकल्प लिया।

सुबह १० बजे से दोपहर ३:३० बजे तक चले शिविर में राजकीय रक्त केंद्र, तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय (बेली), प्रयागराज की चिकित्सकीय टीम ने रक्तदान की प्रक्रिया संपन्न कराई। टीम में डा. अजय मिश्रा, डा. हेमंत शुक्ला, डा. विभा मिश्रा, डा. ज्ञानेंद्र प्रताप और डा. पंकज यादव सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे। चिकित्सकों ने आवश्यक जांच के बाद सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया। आश्रम के महाप्रबंधक एवं प्रधान सेवक केके चौबे ने कहा कि संत विज्ञान देव जी महाराज का जन्मोत्सव सेवा, समर्पण, करुणा और परोपकार के आदर्शों को आत्मसात करने का अवसर है। रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाने में मदद मिलती है। रक्तदान करने वालों में शशि कुमार शर्मा, छोटू भूएया, नरेंद्र सिंह, अशोक प्रजापति और मनोज यादव सहित अन्य लोग शामिल रहे। सभी रक्तदाताओं को राजकीय रक्त केंद्र की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के आयोजन में विजय बहादुर सिंह, रामबाबू केसरवानी, आशीष तिवारी, राम प्रवेश सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सहयोग किया।

स्नातक एमएलसी चुनाव में जीत पर सपाइयों ने मनाया जश्न

मांडा में कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई, भाजपा पर साधा निशाना

मांडा (प्रयागराज)। इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक विधान परिषद चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डा. मान सिंह यादव की जीत पर मांडा में सपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। डा. रवि शंकर पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। बुधवार को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद मांडा खास में हंड़िया ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान अनिल कुमार पांडेय द्वारा मिष्ठान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित डा. रवि शंकर पांडेय ने सपा की जीत पर कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा। उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि जनता का रुझान बदलाव की ओर है और आगामी चुनावों में इसका व्यापक असर देखने को मिलेगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सपा शीर्ष नेतृत्व और नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य के समर्थनमें नारे लगाये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओम प्रकाश द्विवेदी, जंग बहादुर यादव, अरुण कुमार पटेल, विनोद कुमार द्विवेदी, विजय श्रीवास्तव, बाबा गिरी, बबई सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

औद्योगिक क्षेत्र थाने के सामने हुआ हादसा, वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग

नैनी (प्रयागराज)। प्रयागराज-मिर्जापुर मार्ग पर औद्योगिक क्षेत्र थाने के सामने बुधवार सुबह तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गयी। सुबह टहलने निकले राहगीरों ने सड़क पर मोर का शव पड़ा देखा। हादसे को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी रही। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मोर सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। काफी देर तक शव सड़क पर पड़ा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर जंगली जीव-जंतु और पक्षी सड़क पार करते हैं। वाहनों की तेज रफ्तार के कारण उनके साथ हादसे होने का खतरा बना रहता है। लोगों ने वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए मार्ग पर चेतावनी बोर्ड लगाने और वाहनों की गति नियंत्रित करने के उपाय करने की मांग की। इस संबंध में औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी कमलेश पटेल ने बताया कि मृत मोर को नियमानुसार सुरक्षित स्थान पर दफनाया जायेगा। मामले की जानकारी वन विभाग को दे दी गयी है।

धीरज निषाद हत्याकांड : पीड़ित परिवार से मिले निषाद पार्टी के नेता, आर्थिक मदद दी

नैनी (प्रयागराज)। औद्योगिक क्षेत्र के लवायन कला गांव में हुए चर्चित धीरज निषाद हत्याकांड के बाद बुधवार को निषाद पार्टी के वरिष्ठ नेता देवेश गिरी उर्फ दीपू पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उनके साथ पार्टी के कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान परिवार को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। देवेश गिरी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। परिवार की हरसंभव मदद की जायेगी। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी पार्टी हाईकमान को भी दे दी गयी है, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें। गौरतलब है कि धीरज कुमार निषाद उर्फ डल्लू ड्राइवरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। करीब आठ साल पहले उसने पड़ोस में रहने वाली सुनीता से प्रेम विवाह किया था। बताया जाता है कि शादी के बाद से ही दोनों के बीच अनबन चल रही थी। तीन दिन पहले धीरज का शव नैनी कोतवाली क्षेत्र में यमुना पुल के नीचे गंगा-यमुना में मिला था। मामले में परिजनों ने चचिया ससुर सज्जन, रज्जन, साले सोनू उर्फ पंछी सहित अन्य के खिलाफ हत्या, शव ठिकाने लगाने और साक्ष्य मिटाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३६४)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाषः २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।

अरैल घाट पर गंगा आरती में पहुंचे स्वामी चिदानंद सरस्वती

बोले-गंगा की स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी

नैनी (प्रयागराज)। अरैल घाट स्थित परमार्थ त्रिवेणी पुष्प आश्रम में बुधवार शाम आयोजित गंगा आरती में परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश के पीठाधीश्वर स्वामी चिदानंद सरस्वती जी महाराज (मुनि जी) शामिल हुए।



इस दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, महापौर, नगर आयुक्त साइन सलीम तेजा और न्यायमूर्ति अरुण टंडन सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने स्वामी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और गंगा आरती में सहभागिता की।

स्वामी चिदानंद सरस्वती ने गंगा की स्वच्छता, संरक्षण और आध्यात्मिक महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गंगा की निर्मलता बनाये रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। गंगा की पूजा और आरती के साथ उसके तटों को स्वच्छ रखना तथा संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करना भी जरूरी है। उन्होंने प्रयागराज की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं।

धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को प्रोत्साहन मिलने से आध्यात्मिक चेतना का विस्तार होगा और देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को प्रयागराज की समृद्ध परंपरा से जुड़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में गंगा संरक्षण, स्वच्छता और प्रयागराज में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

बहुजन आंदोलन के सच्चे सिपाही सुग्रीव भारतीय का निधन

घूरपुर (प्रयागराज)। यमुनापार के कांटी क्षेत्र में बहुजन समाज की सशक्त आवाज और मिशनरी साथी सुग्रीव भारतीय का निधन हो गया। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से क्षेत्र में बहुजन समाज और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले लोगों में शोक की लहर है। सुग्रीव भारतीय का पूरा जीवन बहुजन आंदोलन और सामाजिक जागरूकता को समर्पित रहा। वर्ष १९८३ में छात्र जीवन के दौरान ही वह मान्यवर कांशीराम के विचारों से प्रभावित होकर बामसेफ के मिशनरी अभियान से जुड़ गए थे। इसके बाद उन्होंने गांव-गांव और गली-गली जाकर अंधविश्वास तथा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। वह नुक्कड़ सभाओं और चौपालों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का प्रयास करते रहे। बहुजन समाज पार्टी के गठन के बाद उन्होंने हाथी के चुनाव चिह्न को जन-जन तक पहुंचाने में भी योगदान दिया। दीवारों पर अपने हाथों से हाथी का निशान बनाकर वह आंदोलन के प्रचार-प्रसार में जुटे रहे। अंतिम सांस तक मिशन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता बनी रही। सुग्रीव भारतीय के निधन को बहुजन आंदोलन और सामाजिक न्याय की लड़ाई के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। उनके संघर्ष और विचारोंको क्षेत्र के लोग लंबे समय तक याद रखेंगे।

शुआट्सके कृषि विद्यार्थियोंने शुरू किया ग्रामीण कृषि सर्वेक्षण

किसानों से सीधा संवाद कर समस्याओं की जानकारी ले रहे छात्र, दे रहे वैज्ञानिक सलाह



नैनी (प्रयागराज)। सैम हिगिनबाटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) के बीएससी (आनर्स) कृषि अंतिम वर्ष, सातवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने हरई स्थित आरएडब्ल्यूई केंद्र के अंतर्गत ग्रामीण कृषि सर्वेक्षण एवं कृषक संपर्क कार्यक्रम शुरू किया है। इसके तहत विद्यार्थी गांवों में जाकर किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं और खेती की जरूरतों की जानकारी ले रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान छात्र फसलों में होने वाली बीमारियों और अन्य कृषि समस्याओं की पहचान कर किसानों को वैज्ञानिक जानकारी, उचित समाधान और जरूरी कृषि सलाह दे रहे हैं। विद्यार्थियों ने ग्राम प्रधान से भी मुलाकात कर ग्रामीण कृषि व्यवस्था और किसानों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। इस प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को ग्रामीण परिवेश में खेती की वास्तविक चुनौतियों को समझने और आधुनिक कृषि तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने का व्यावहारिक अनुभव मिल रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन डा. रामाकांत दुबे, निदेशक प्रसार डा. परवीन, प्रोफेसर विक्रम, केंद्र के सह-प्रभारी नितीश कुमार एवं बृजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। आरएडब्ल्यूई कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि विद्यार्थियों को ग्रामीण जीवन और खेती की वास्तविक परिस्थितियों से परिचित कराना तथा उन्हें व्यावहारिक कृषि विस्तार कार्यों के लिए तैयार करना है। यह पहल किसानों तक वैज्ञानिक खेती की जानकारी पहुंचाने में भी सहायक साबित हो रही है।